बिहारी कलाकारों को लेकर बनी बाल फिल्म 'बूचा'

पटना। बिहार में बाल फिल्में काफी अरसे से नहीं बन रही हैं, आज बच्चों के मनोरंजन और उनके अंदर बेहतर संस्कार विकसित करने के लिए अच्छी बाल फिल्मों की जरूरत है जो बच्चों को सकारात्मक संदेश दे सके। यह बातें सोमवार को बाल फिल्म बूचा की शूटिंग पूरे होने के बाद फिल्म के निर्देशक शीर्ष शांति प्रसिद्ध ने कही। वह यूथ हॉस्टल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार के कलाकारों को लेकर इस बाल फिल्म बूचा की शूटिंग की गई है। शूटिंग नालंदा के कपरसरी गांव में हुई। फिल्म में मुख्य कलाकार सात वर्षीय हर्षराज लकी हैं। अन्य कलाकारों में अमय सिंह, शबाना आफरीन, यशवर्धन सिंह, हीरालाल रॉय पूजा भारती, पुष्पेंद्र ठाकुर, कुणाल कुमार आदि हैं। फिल्म की कहानी सात वर्ष के एक अनाथ बच्चे की है।